आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 14 अंक : 01 लखनऊ, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 से 13 अप्रैल 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## पद्म श्री से सम्मानित हुए शाह रशीद अहमद कादरी ने पीएम मोदी का जताया आभार

नयी दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को पद्म पुरस्कार २०२३ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्नाटक के बिदरी शिल्प कलाकार शाह रशीद अहमद कादरी को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें ये पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कादरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान वह काफी भावुक नजर आए। कादरी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार से उन्हें ये सम्मान मिलने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन पीएम मोदी ने उन्हें गलत साबित कर दिया। शाह रशीद अहमद कादरी और पीएम मोदी की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो



रहा है। इस वीडियो में कादरी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी से पुरस्कार के बारे में बात करते हुए कादरी ने कहा, 'मैंने यूपीए सरकार के दौरान पांच साल इंतजार किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे उम्मीद नहीं थी कि भाजपा सरकार मुझे यह पुरस्कार देगी। लेकिन आपने मुझे गलत साबित कर दिया और मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं।' कादरी की बात सुनकर पीएम मोदी हँसते हुए नजर आए। कादरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मैं इस पुरस्कार को पाने के लिए १० साल से कोशिश कर रहा था। मैंने यह सोचकर पुरस्कार के लिए आवेदन करना छोड़ दिया कि भाजपा सरकार मुस्लिम समुदाय का समर्थन नहीं करती है और वे किसी भी मुस्लिम का सम्मान नहीं करते हैं।'

## सीएम योगी ने 8731 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नगर विकास विभाग के कार्यक्रम में ८७३१ करोड़ रुपये की तकरीबन २०३६ परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के ईज अफ लिविंग के मन्त्र को धरातल पर उतारने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने इस मौके पर कूड़ा निस्तारण के लिए कई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में पूरे देश के मुकाबले सर्वाधिक ७६२ निकाय हैं। जिनमें ७ करोड़ से ज्यादा की आबादी निवास करती है,और उसमें ४ करोड़ ३२ लाख मतदाता हैं। ऐसे में यूपी के विकास के लिए सरकार रोज नई योजनाएं संचालित कर रही है। सीएम योगी ने कहा हमारी सरकार साल २०२० से १५ करोड़ लोगों को फ्री में राशन दे रही है,जबकि इससे कम आबादी वाले देश पकिस्तान में रोटी के लाले हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में ५४ लाख लोगों को आवास की सुविधा, १० करोड़ से ज्यादा लोगों को ५ लाख रुपये का हेल्थ कवर, ६ लाख ३१ हजार स्ट्रीट वेंडरों को आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं को हमने धरातल पर उतरने का काम किया है। सीएम ने कहा हमारी सरकार बिना भेद–भाव के अंतिम व्यक्ति के कल्याण में विश्वास रखती है। जबकि इसके उलट मानसिकता रखने वालों को देश और प्रदेश की जनता ने नकार दिया है। सीएम



योगी ने कहा कि देश में बन रही १०० स्मार्ट सिटी में यूपी के १० शहर शामिल हैं। जिनमें सरकार सीवेज, अमृत मिशन के तहत पीने का साफ पानी, बिजली, सड़क जैसी सुविधाएं नगर विकास के अंतर्गत दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में हमने २०० नए निकायों को बनाया है और उनके विकास के लिए परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। सीएम ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के जरिये शहरों और पंचायतों में लोगों की जीवन शैली को अपलिफ्ट करने का काम सरकार कर रही है। सीएम योगी ने नगर विकास विभाग की तारीफ करते हुए कहा कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा जी और उनकी टीम लगातार कर संग्रह में पारदर्शिता अपनाते हुए परियोजनाओं को गति प्रदान करने का काम कर रही है। सीएम ने कहा कि नगर विकास विभाग के बिना अर्थव्यवस्था का विकास संभव नहीं है।

## निकाय चुनाव से पहले गोरखपुर की जनता को हजारों रुपये की सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आठ अप्रैल को गोरखपुर आएंगे। यहां अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वे गोरखपुर की जनता को १३०० करोड़ रुपये भेंट करेंगे। निकाय चुनाव से पहले गोरखपुर की जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यक्रम को लेकर बैठक भी की। निकाय चुनाव (यूपी निकाय चुनाव २०२३) से पहले गोरखपुर की जनता को बड़ी सौगात मिलने वाली हभाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आम कार्यकर्ता हैं। बीजेपी उनके लिए परिवार की तरह है। उन्हें गोरखपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानदार स्वागत से वे अभिभूत हैं। उनमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, आज गोरखपुर महानगर में एक सभा हुई. गोरखपुर जिले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. वह ८ और ६ अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रहे हैं। वे विकास के नए आयाम में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। बैठक को सभी कार्यकर्ता सफल बनाएंगे। वे आभार व्यक्त करेंगे कि गोरखपुर की जनता उनके साथ खड़ी है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के सहजनवा स्थित भोलाराम मस्करा इंटर कलेज में ३ एकड़ भूमि पर मिनी स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे. इसे १०.४३ करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अप्रैल को गोरखपुर के चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के दुबौली में निर्मित ग्रामीण स्टेडियम का भी उद्घाटन करेंगे. आठ अप्रैल को पेप्सिको कंपनी की फैक्ट्री की स्थापना के लिए आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. गीडा में। इस फैक्ट्री से १५०० लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें १ हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा।

## गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, २०१० के कथित उल्लंघन के मामले में अक्सफैम इंडिया के कामकाज की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने पाया कि ऑक्सफैम इंडिया ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत होने के बावजूद विभिन्न संस्थाओं को विदेशी योगदान भेजना जारी रखा। यह कानून इस तरह रकम के हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा किए गए एक 'सर्वेक्षण' के दौरान कई ई–मेल पाए गए, जिनसे पता चला कि अक्सफैम इंडिया अन्य एफसीआरए–पंजीकृत संगठनों को धन भेजकर या लाभकारी परामर्श



मार्ग के माध्यम से एफसीआरए के प्रावधानों को दरकिनार करने की कथित तौर पर योजना बना रहा था। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण ने ऑक्सफैम इंडिया को विदेशी संगठनों या इकाइयों की विदेश नीति के एक संभावित साधन के रूप में 'उजागर' किया, जिन्होंने वर्षों से संगठन को उदारतापूर्वक वित्त पोषित किया है। सूत्रों ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों के लिए पंजीकृत ऑक्सफैम इंडिया ने कथित तौर पर कमीशन के रूप में अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के माध्यम से सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) को धन भेजा। उन्होंने कहा कि इन निष्कर्षों के बाद, गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के कामकाज की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की।

# सम्पादकीय

## देर–सबेर किसी एक पाले को चुनना ही होगा।

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने अपने देश की विदेश नीति का कन्सेप्ट दस्तावेज जारी किया, जिसमें चीन और भारत को रूस का खास सहयोगी बताया गया। यह भी कहा गया कि रूस की विदेश नीति का मकसद अपने सहयोगी देशों को साथ लेकर पश्चिमी वर्चस्व वाली विश्व व्यवस्था पर विराम लगाना है। उधर अमेरिकी नेतृत्व वाले सैनिक गठजोड़ नर्थ अटलांटिक ट्रीटी अर्गनाइजेशन (नाटो) में अमेरिका की राजदूत जुलियाने स्मिथ ने एक महत्त्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि नाटो भारत से अपना संबंध बढ़ाना चाहता है, बशर्ते भारत इसके लिए इच्छुक हो। गौरतलब यह है कि नाटो के नेता रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के शासन के अंत को अपना मकसद बताते रहे हैं। ध्यान देने की बात यह है कि परस्पर विरोधी मकसदों के लिए काम कर रहे दो गुट भारत को अपना विशेष सहयोगी मान रहे हैं। यह कहानी यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से जारी है। भारत को इसका खूब लाभ मिला है। एक तरफ रूस से सस्ता तेल मिला है, तो दूसरी तरफ पश्चिमी प्रतिबंधों के लगातार उल्लंघन के बावजूद नाटो के सदस्य देश भारत के खिलाफ बोलने में भी संयम बरतते रहे हैं। जाहिरा तौर पर इसके पीछे वजह भारत की भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति है। रूस और चीन यूरेशिया में पश्चिम की पैठ खत्म करने की रणनीति पर चल रहे हैं। यह मकसद तभी सध सकता है, जब भारत इस प्रयास में शामिल ना भी हो, तब भी कम–से–कम वह नई बनती धुरी और पश्चिमी देशों से समान दूरी बना कर चले। उधर पश्चिम का अभी भले प्रमुख टकराव रूस के साथ हो, लेकिन उनका अंतिम निशाना चीन है। चीन के खिलाफ उनकी रणनीति कारगर हो, इसके लिए जरूरी है कि भारत इसमें एक खास भूमिका निभाए। इसलिए वे रूस के सवाल पर भारत को खुद से दूर नहीं करना चाहते। भारत का चीन से खराब संबंध इस मामले में भारत के फायदे में जा रहा है। फिर भी यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि यह सुविधा स्थायी नहीं है। देर–सबेर भारत को दोनों में से किसी एक पाले को चुनना ही होगा।

# सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए गठित होगा बोर्ड : सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए जल्द एक बोर्ड गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोमती नगर विस्तार स्थित विशाखा सभागार में



आयोजित ८७५४ करोड़ की लागत की २०४२ परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं पुस्तक विमोचन करते हुए ये बात कही। इस दौरान उन्होंने टेम्पो टिपर एवं अमृत कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लार्भियों को चाभी वितरित करने के साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई मित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करेगी। सीएम ने कहा कि ६० शहर अमृत योजना के तहत अच्छादित हैं। इसके अलावा नगर विकास विभाग ने और भी परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। आने वाले समय में १०० ऐसी नगर पंचायतों का चयन किया जाएगा, जिसे आकांक्षात्मक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कुछ राज्य ऐसे भी होंगे जिनका वार्षिक बजट ही ८७०० के आसपास होगा, जितने कार्यों का हम नगर विकास के अंतर्गत लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। सरकार गरीबों को फ्री में आवास, शौचालय, ५ लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दे रही है। जब अच्छी सरकार आती है तो ऐसे ही परिवर्तन लाती है। वहीं पाकिस्तान को देख लीजिए वहां पर आज रोटी के लाले पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे ज्यादा नगर निकाय वाला राज्य है। प्रदेश में ७६२ नगर निकाय हैं, जहां करीब ७ करोड़ की आबादी निवास करती है। आने वाले समय में यहां इलेक्शन होने वाले हैं, जहां चार करोड़ ३२ लाख से अधिक मतदाता हैं। ऐसे में इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज अफ लिविंग के तहत पिछले ६ वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है और आगे भी यह युद्धस्तर पर जारी रहेगा। नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की धुरी बने हैं। नगर विकास मंत्री, उनकी टीम और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर निकाय एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज शहरों में स्वच्छता नए सिरे से देखने को मिलती है। इसको लेकर लोगों के मन में एक उत्साह दिखता है। इसमें सबसे बड़ा रोल हमारे सफाई मित्रों का है। उन्होंने नगर विकास मंत्री के आवाह्न पर सुबह ५ बजे सफाई व्यवस्था की कमान संभाली, जो पहले सुबह १० बजे थी। यह प्रयोग काफी सराहनीय है। हमें इस दिशा में और प्रयास करने हैं। इसको लेकर नगर विकास विभाग और प्रदेश सरकार ने चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिले।

# रेरा के नियमों का उल्लंघन करने पर १५ जिलों के ४१बिल्डरों पर कार्रवाई के आदेश

लखनऊ। उप्र भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने ४१ बिल्डरों के बैंक खाते फ्रीज करने के साथ परियोजनाओं की खरीद–बिक्री पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। वहीं, निरस्त परियोजनाओं की बिक्री करने पर कारावास तक की चेतावनी दी है। इन बिल्डरों पर बैठकों में अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की गई है। २८ मार्च को रेरा मुख्यालय पर सचिव राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में प्रमोटर्स (बिल्डर) की रिव्यू मीटिंग हुई थी। जिसमें लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, कानपुर नगर, रामपुर, फिरोजाबाद, आगरा, बाराबंकी, मुरादाबाद, रायबरेली, बरेली, गोरखपुर, अलीगढ़, आगरा व मिर्जापुर के ५१ बिल्डरों को तलब किया गया था। जिनकी परियोजनाएं समय पर निर्माण व नियम पूरे न करने पर निरस्त की गईं थी। बैठक में हर बार की तरह ४१ बिल्डर नहीं आए थे। इस लापरवाही पर गुरुवार को सचिव ने बैठक कर ४१ बिल्डरों को सूचीबद्ध करते हुए बैंक खाते फ्रीज करने के साथ सभी तरह की खरीद–बिक्री पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही इनके नवीन परियोजना के पंजीयन नहीं किए जाएंगे। इसके बाद भी निरस्त परियोजनाओं जैसे भूखंड, भवन, फ्लैट, ग्रुप हाउसिंस आदि बेचे तो रेरा अधिनियम के तहत तीन साल कारावास से दंडित किया जाएगा। इसमें लखनऊ नगर निगम का भी एक प्रोजेक्ट शामिल है। बैठक में तकनीकी सलाहकार सुबोध राय, अवर अभियंता टीम के सदस्य अब्दुल आरिफ व आकाश श्रीवास्तव रहे।




# अनुसूचित वर्ग के बुनकरों को मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

लखनऊ। राज्य सरकार ने स्पेशल कम्पोनेंट प्लान (एससीपी) के अन्तर्गत झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना को मंजूरी दे दी। योजना के तहत बुनकर कार्य में लगे अनुसूचित वर्ग के लोगों को सुविधाएं दी जाएंगी। योजना में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए मुख्यमंत्री को अधिंत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना पूरे प्रदेश के अनुसूचित जाति के हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों के लिए संचालित की जाएगी, जो हथकरघा एवं पावरलूम क्षेत्र के उत्पादन में निरंतर अपना योगदान देते आ रहे हैं अथवा इस क्षेत्र में आकर अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं। यह योजना पांच वर्षों के लिए होगी। वित्तीय वर्ष २०२३–२४ में बजट की उपलब्धता के आधार पर लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। हथकरघा एवं पावरलूम बुनकर वर्तमान भारतीय बाजार व वैश्विक मांग के अनुरूप नये फैशन के परिवेश में नई डिजाइन व नये कलर कम्बीनेशन के वस्त्रों का उत्पादन कर सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश में परम्परागत हथकरघा एवं पावरलूम उद्योग को आधुनिक हथकरघा व पावरलूम में परिवर्तित कराने व अधिक से अधिक रोजगार



सृजन कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना (एस०सी०पी०)' का क्रियान्वयन कराने का प्रस्ताव है। हथकरघा बुनकर को एक पिटलूम अनुमानित मूल्य २५,००० रुपये के लिए ८० प्रतिशत या २०,००० रुपये जो भी कम हो, राज्य सरकार द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। शेष २० प्रतिशत धनराशि ५,००० रुपये या वास्तविक क्रय के लिए अनुदान के अतिरिक्त भुगतान की जाने वाली धनराशि लाभार्थी बुनकर द्वारा अपने निजी स्रोतों से वहन की जायेगी। हथकरघा बुनकर को एक फ्रेमलूम या (जैकार्ड सह उपकरणों सहित) अनुमानित मूल्य ४०,००० रुपये पर ७५ प्रतिशत या ३०,००० रुपये जो भी कम हो, राज्य सरकार द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। शेष २५ प्रतिशत धनराशि १०,००० रुपये या वास्तविक क्रय के लिए अनुदान के अतिरिक्त भुगतान की जाने वाली ६ नराशि लाभार्थी बुनकर द्वारा अपने निजी स्रोतों से वहन की जायेगी। एक बुनकर उपरोक्त विकल्पों मे से किसी एक श्रेणी के अधिकतम दो हथकरघा क्रय करने के लिए शासकीय अनुदान प्राप्त कर सकता है। पावरलूम योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को तीन श्रेणियों नवीन पावरलूम, सेमी अटोमैटिक पावरलूम, अटोमैटिक पावरलूम में पावरलूम क्रय की सुविधा दी जाएगी। एक नवीन पावरलूम का अनुमानित बाजार मूल्य एक लाख २५ हजार रुपये है। नवीन पावरलूम क्रय करने के लिए प्रति पावरलूम ७५,००० रुपये अथवा ६० प्रतिशत जो भी कम हो, राज्य सरकार द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। शेष ४० प्रतिशत धनराशि ५०,००० रुपये या स्थापित करने में अतिरिक्त धनराशि लाभार्थी पावरलूम बुनकर द्वारा स्वयं वहन की जाएगी।

# राजूपाल हत्याकांड के आरोपी अब्दुल कवि ने किया सरेंडर

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजूपाल हत्याकांड मामले में वांछित और पिछले १८ वर्ष से फरार चल रहे शूटर अब्दुल कवि ने बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अब्दुल ने पुलिस को चकमा देते हुये लखनऊ में सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट याशा शर्मा की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत के आदेश पर अब्दुल कवि को न्यायिक हिरासत में लेते हुए सात अप्रैल तक के लिए जेल भेज दिया गया है। अब्दुल कवि राजू पाल हत्याकांड के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस एवं अभियोजन के अनुसार अब्दुल कवि माफिया अतीक अहमद के लिए काम करता था और वह उसके मुख्य शूटरों में एक था। कौशांबी जिले के सराय अकील क्षेत्र निवासी अब्दुल कवि ने २५



जनवरी २००५ को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते राजू पाल की हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक राजू पाल की पत्नी पूजा पाल की शिकायत पर पूर्व सांसद अतीक, उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ और सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पिछली २४ फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने सराय अकील स्थित अब्दुल कवि के घर को ढहा दिया था। इस दौरान पुलिस को उसके घर से अवैध हथियारों का जखीरा मिला था। जिसके बाद अब्दुल कवि के भाई अब्दुल कादिर सहित ११ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस और सीबीआई ने उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी थी। शुरुआत में उसकी गिरफ्तारी पर ५० हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था जिसे बाद में बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया। अवैध हथियार मामले में पुलिस उसके भाई अब्दुल कादिर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# पांच निर्माणाधीन व्यवसायिक भवन सील

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में अभियान चलाकर पांच निर्माणाधीन व्यवसायिक भवन सील कर दिए। जो बिना मानचित्र या फिर स्वीकृति के विपरीत बनाए जा रहे थे। गुरुवार को जोन–१ में जोनल अधिकारी प्रिया सिंह व जोन–५ में श्रद्धा चौधरी के नेतृत्व में गोमती नगर, अलीगंज, मड़ियांव व जानकीपुरम क्षेत्र में अभियान चला। टीम ने पुलिस बल के साथ जोन–१ गोमती नगर के विजय खंड में ऋतु व अन्य द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक भवन का निर्माण करने पर सील कर दिया। वहीं, जोन–४ के अलीगंज सेक्टर–जे में मधुलिका सिंह पत्नी हेमंत सिंह व अन्य द्वारा व्यवसायिक भवन बनाया जा रहा था, जिसका मानचित्र आवासीय था जो सील कर दिया। इसी तरह टीम ने मड़ियांव स्थित प्रभातपुरम कालोनी में मोनिका व अन्य द्वारा मार्केट बनाकर दुकानें व हॉल बनाते पकड़ा यह भी निर्माण सील कर दिया। इसके अलावा विशाल जायसवाल व अन्य द्वारा




मड़ियांव में गौरभीट तिराहे पर ४०० वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र दुकानों का निर्माण करने पर सील की कार्रवाई की गई। इधर, जोन–५ में जानकीपुरम् के सेक्टर–एच में संजय शर्मा, अजय शर्मा, अभिषेक कुमार, अनुपम शर्मा व अन्य द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक भवन का निर्माण करते पाया। यह निर्माणाधीन भवन भी सील कर दिया गया।

# चोरी–छिपे किशोर साले का शव कब्रिस्तान में दफनाया

लखनऊ। जानकीपुरम कोतवाली क्षेत्र में अपने सगे किशोर साले (१४) का शव चोरी–छिपे कब्रिस्तान में दफनाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की बहन ने अपने जीजा के खिलाफ भाई की पीट–पीटकर हत्या करने और शव को चोरी–छिपे कब्रिस्तान में छिपाने का आरोप लगाते हुए जानकीपुरम कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर गुरुवार को जानकीपुरम पुलिस ने मड़ियांव के मतक्कीपुर स्थित कब्रिस्तान की खुदाई कर किशोर का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी अभी फरार है। ठाकुरगंज निवासी रेशमा ने बताया कि उसके माता–पिता का काफी समय पूर्व देहांत हो चुका है। छोटा भाई आरिफ (१४) जानकीपुरम कोतवाली क्षेत्र के खरगापुर जागीर निवासी बड़ी बहन के पति अरशद के साथ उसके घर पर रहता था। रेशमा ने आरोप लगाया कि विगत ०२ अप्रैल को अरशद ने पीट–पीटकर आरिफ की हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए रातों–रात शव को चोरी–छिपे मतक्कीपुर के कब्रिस्तान में दफना दिया। परिजनों को जानकारी तक नहीं दी। रेशमा ने बताया कि आरिफ के बारे में कोई जानकारी न मिलने पर उसने ०३ अप्रैल को जानकीपुरम कोतवाली में अरशद के खिलाफ आरिफ की हत्या करने और शव को चोरी–छिपे दफनाने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की थी। पर पुलिस ने अविलंब कार्रवाई नहीं की। पुलिस इसे गुमशुदगी मानकर आरिफ की खोजबीन करती रही। अंततरू रेशमा ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो गुरुवार को मड़ियांव के मतक्कीपुर कब्रिस्तान में पहुंचकर एक हाल की कब्र को खोदा गया, जिसमें से आरिफ का शव बरामद हुआ। शव पूरी तरह से सड़ चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक किशोर आरिफ की बड़ी बहन रेशमा की तहरीर पर मड़ियांव के मतक्कीपुर कब्रिस्तान में खुदाई कर शव बरामद कर लिया गया है। शव पूरी तरह से सड़ चुका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्यारोपी जीजा अरशद परिवार समेत फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। –अभिजीत आर शंकर, एडीसीपी उत्तरी

# महावरी जयन्ती पर मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए विशेष आयोजन

लखनऊ। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान



श्रद्ध और भक्ति का सैलाब देखने को मिला। इतना ही नहीं जगह–जगह पर भण्डारे का आयोजन भी किया गया था। जहां पर प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दरअसल, राजधानी में हनुमान जन्मोत्सव को बड़े ही भक्तिभाव के साथ और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का पूजन भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा के साथ किया। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती और सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इस अवसर पर आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें बूंदी आलू पूड़ी केला आदि प्रसाद के तौर पर बांटा गया। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, महामंत्री राजेश बत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष उपकर सिंह, संगठन मंत्री राजन सोनकर और नवल अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले नारे लगाने के आरोप में पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बसपा अध्यक्ष मायावती ने स्वामी प्रसाद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''सपा प्रमुख की मौजूदगी में 'मिले मुलायम–कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम' नारे को लेकर रामचरित मानस विवाद वाले सपा नेता पर मुकदमा होने की खबर आज सुर्खियों में है। वास्तव में उप्र के विकास व जनहित के बजाय जातिवादी द्वेष एवं अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है।'' पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर वंदना सिंह ने बताया कि पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर मंगलवार को स्वामी प्रसाद के खिलाफ भादसं की धारा २९५–ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोमवार को स्वामी प्रसाद मौर्य उस कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ऊंचाहार में बसपा संस्थापक कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण किया था। पुलिस के मुताबिक शहर के महानंदपुर निवासी मारुत त्रिपाठी ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन अप्रैल को इंटरनेट पर वायरल एक वीडियो में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था 'मिले मुलायम–कांशीराम, हवा में उड़ गये जय श्रीराम'। त्रिपाठी ने बताया कि इसमें सभी सनातनी



समाज को आहत करने वाले एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य का प्रयोग किया गया जिससे समाज की सामाजिक सद्भावना बिगड़ जाएगी। पुलिस ने कहा कि शिकायत में कहा गया है कि इससे समाज का सामाजिक सौहार्द बिगड़ेगा। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विधानपरिषद सदस्ध्य स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्राथमिकी का कोई कारण नहीं है, फिर भी उन्होंने इसे मेरे खिलाफ दर्ज किया है और अब मैं अपने कानूनी विकल्पों का पता लगाऊंगा। मैं इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहता, लेकिन सरकार आजकल दुश्मनी के साथ काम कर रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब उन्होंने महिलाओं, पिछड़ों और दलितों के अधिकारों की बात की तो कुछ लोगों ने धर्म के नाम पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी उन्होंने कहा, ''कुछ ने मेरी हत्या के लिए सुपारी दी जबकि किसी ने तलवार लहराते हुए कहा कि मैं स्वामी प्रसाद मौर्य को मार दूंगा, लेकिन उन सभी के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।'' इस साल की शुरुआत में राज्य के एक प्रमुख ओबीसी नेता मौर्य ने यह आरोप लगाकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था कि रामचरितमानस के कुछ छंद जाति के आधार पर समाज के एक बड़े वर्ग का अपमान करते हैं और उन्होंने मांग की थी कि इन पर प्रतिबंध लगाया जाए। मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में मंत्री रहे मौर्य २०२२ के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी में चले गए थे। इससे पहले वह बसपा में भी थे।

# फिनलैंड में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर एलजी के खिलाफ दिल्ली सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट, १४ अप्रैल को होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को निर्देश देने की मांग की कि एलजी सरकारी स्कूल के शिक्षकों को भविष्य में विदेशी प्रशिक्षण प्राप्त करने पर रोक लगाने के मद्देनजर मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर कार्रवाई करें। शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने की शर्तों के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी के खिलाफ आप सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय १४ अप्रैल को सुनवाई करेगा। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि अब एलजी तय कर रहे हैं कि किस शिक्षक को भेजना है, कैसे भेजना है और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कब भेजना है। पीठ



फिनलैंड में भविष्य के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के खिलाफ एलजी के शासनादेश के खिलाफ मामले को १४ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। ४ मार्च को, एलजी ने फिनलैंड कार्यक्रम के लिए कुछ शिक्षकों को मंजूरी दे दी लेकिन भविष्य में इस तरह के अभ्यास के खिलाफ अनिवार्य किया गया। इसने दिसंबर २०२२ और मार्च २०२३ के महीनों में फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में सरकारी स्कूलों में प्राथमिक प्रभारी शिक्षकों को भेजने के लिए दिल्ली सरकार की राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (ैम्ब्त्ज्) द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की पुष्टि के लिए दिशा-निर्देश मांगा है। इसने एलजी के ४ मार्च, २०२३ के आदेश को रद्द करने की मांग की, जो एक अत्यधिक देरी के बाद पारित किया गया था, जिससे प्रस्ताव पूरी तरह से निष्फल हो गया।

# हली बार कर्नाटक के कोलार क्षेत्र का दौरा करेंगे राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी २०१६ में कोलार में एक चुनावी भाषण को लेकर सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के मामले में दो साल के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार कर्नाटक



के कोलार क्षेत्र का दौरा करेंगे। अभियान शुरू करने का निर्णय टीम राहुल ने इस विचार के साथ लिया था कि वह उस स्थान पर वापस जाकर दिखाएंगे जहां उन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया था। कांग्रेस के नेता क्षमाप्रार्थी नहीं थे और इसके बावजूद डरे नहीं थे। इसके पीछे ये दर्शाने की मंशा है कि एक सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया है और कानूनी परेशानी का सामना कर रहा है। हालांकि कर्नाटक कांग्रेस के सूत्रों के हवाले से न्यूज १८ ने दावा किया है कि पार्टी का मानना है कि बेहतर होता अगर वह अपने पहले पड़ाव के रूप में कोलार से बचते। इससे अनावश्यक रूप से भाजपा को प्वाइंट मिल सकता है, जो १० मई के विधानसभा चुनाव से पहले चुनौतियों का सामना कर रही है। लेकिन कार्यक्रम स्थल से ज्यादा चिंता इस बात की है कि राहुल गांधी क्या कहेंगे। यह अवश्यंभावी है कि वह सूरत अदालत के फैसले का उपयोग इस बिंदु को बनाने के लिए करेंगे कि यह कथित पीएम-अडानी कनेक्शन के बारे में उनकी अथक पूछताछ थी, जिसने भाजपा को यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूर किया कि उन्हें संसद से बाहर कर दिया जाए। इसलिए राहुल अडानी का मुद्दा उठाएंगे। चुनावों के प्रबंधन में शामिल कर्नाटक कांग्रेस के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, श्हमने इसे उनकी टीम को बता दिया है और उन्हें सलाह दी है। हमें उम्मीद है कि वह इसे बहुत बार नहीं उठाएंगे। एक या दो बार काफी है। आखिरकार असली मुद्दे स्थानीय हैं, जैसे बोम्मई सरकार में भ्रष्टाचार। लेकिन राहुल गांधी अपनी बात बेबाकी से रखने के लिए जाने जाते हैं। बीजेपी उम्मीद कर रही है कि अयोग्य सांसद राष्ट्रीय मुद्दों को उठाएंगे, ताकि कर्नाटक में लड़ाई मोदी बनाम राहुल बन जाए।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मनोनीत होने पर एएमयू कुलपति का इस्तीफा

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए मनोनीत किए जाने के बाद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर ने अपना कार्यकाल खत्म होने से कुछ हफ्ते पहले मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एएमयू के रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज अगले कुलपति की नियुक्ति तक कुलपति के रूप में काम करेंगे। प्रोफेसर तारिक मंसूर को उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य विधान परिषद के सदस्य के तौर पर मनोनीत किया है। सोमवार रात इसकी आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई। मंसूर ने तीनध्चार अप्रैल की रात को विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को लिखे एक खुले पत्र में कहा, 'जैसा कि मैं पद छोड़ रहा हूं, यह आखिरी बार है जब मैं आपको कुलपति के रूप में संबोधित कर रहा हूं। मुझे अच्छे और चुनौतीपूर्ण समय के दौरान छह साल तक संस्थान की सेवा करने का अवसर मिला।' उन्होंने इस अवधि के दौरान विशेष रूप से कोविड-१६ महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एएमयू समुदाय को धन्यवाद दिया। प्रोफेसर मंसूर ने १७ मई २०१७ को पांच साल की अवधि के लिए कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उनका कार्यकाल पिछले साल मई में समाप्त होना था लेकिन महामारी से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। प्रोफेसर तारिक मंसूर राज्य विधान परिषद में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा के बाद भाजपा के तीसरे मुस्लिम सदस्य होंगे।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले ९ अप्रैल तक बांदीपुर नेशनल पार्क में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ६ अप्रैल को कर्नाटक के बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार होने के साथ, जिला प्रशासन ने ६ अप्रैल से ६ अप्रैल तक टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह पीएम मोदी की इस साल राज्य की आठवीं चुनावी यात्रा होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी रविवार सुबह बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे और संरक्षण गतिविधियों में शामिल फ्रंटलाइन फील्ड स्टाफ और स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत करेंगे। वह तमिलनाडु में मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पाकडू हाथी शिविर का भी दौरा करेंगे और शिविर में महावतों और कावड़ियों (महावतों के सहायक) के साथ बातचीत करेंगे। पीएम मोदी टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशकों के साथ भी बातचीत करेंगे, जिन्होंने प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन अभ्यास के हाल ही में संपन्न पांचवें चक्र में सर्वोच्च स्कोर किया है। बांदीपुर में प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) का भी शुभारंभ करेंगे। जुलाई २०१६ में पीएम मोदी ने एशिया में अवैध शिकार और अवैध वन्यजीव व्यापार पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए वैश्विक नेताओं के गठबंधन का आह्वान किया था। पीएमओ के बयान में कहा गया है कि इस संदेश को आगे ले जाने के लिए



गठबंधन शुरू किया जा रहा है। पीएम मोदी श्प्रोजेक्ट टाइगर के ५० वर्षों के स्मरणोत्सवश कार्यक्रम का भी उद्घाटन करेंगे, जहां वे श्अमृत काल का विजन फर टाइगर कंजर्वेशनश प्रकाशनों का विमोचन करेंगे, प्रबंधन के पांचवें चक्र की एक सारांश रिपोर्ट, टाइगर रिजर्व के प्रभावी मूल्यांकन, बाघ घोषित संख्या और अखिल भारतीय बाघ अनुमान की एक सारांश रिपोर्ट जारी करेंगे। प्रोजेक्ट टाइगर के ५० साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

# चीनी घुसपैठ पर सामना में उद्धव गुट ने मोदी सरकार पर उठाए सवाल

मुम्बई। शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'असफल' गृह मंत्री बताया और दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और किसान आत्महत्या कर रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र श्सामनाश् के संपादकीय में अरुणाचल प्रदेश में ११ स्थानों के नाम बदलने के बाद चीन को चेतावनी तक नहीं देने के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा गया। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान को खोखली धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन चीन का क्या जिसने भारतीय क्षेत्र में श्घुसपैठश् की है। इस हफ्ते की शुरुआत मे शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने एक महिला कार्यकर्ता पर कथित रूप से ठाणे में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किए जाने के बाद फडणवीस को ष्बेकारष् गृह मंत्री करार दिया था। फडणवीस ने तब पलटवार करते हुए कहा था कि वह एक ष्बुलेटष् (कार्टून्स) हैं, जबकि ठाकरे एक ष्कमजोरष् मुख्यमंत्री थे जिन्होंने सत्ता के लिए अपनी विचारधारा का त्याग किया था और उन्हें महत्व देने की आवश्यकता नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक अवमानना घ्घ्घ्याचिका की सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सहित कई राज्य प्राधिकरणों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, कथित रूप से घृणास्पद भाषण देने वालों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने में विफल रहने के लिए कड़ी टिप्पणी की। हम अवमानना घ्याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं क्योंकि राज्य समय पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। एससी ने याचिका पर महाराष्ट्र से प्रतिक्रिया मांगते हुए मामले को २८ अप्रैल को सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया था।ै्ब की टिप्पणी का जिक्र करते हुए सामना में कहा गया कि महाराष्ट्र को नपुंसक बनाने के लिए किसी को क्या संबोधित किया जाना चाहिए जैसे कि वह बेकार नहीं है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। सामना में कहा गया कि आप खुद तय करें कि आप निकम्मे हैं, लेकिन आप एक असफल गृह मंत्री हैं। शासन करने का मतलब बदला लेना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से धनुष और तीर का प्रतीक ष्छीननेष् का भी आरोप लगाया।

# हंगामे की भेंट चढ़ा संसद का बजट सत्र, लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नयी दिल्ली। १३ मार्च से शुरू हुआ संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण इस जबरदस्त तरीके से हंगामेदार रहा। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। हंगामे की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही में बार–बार व्यवधान हुआ। संसद के बजट सत्र का यह दूसरा चरण बिल्कुल भी नहीं चल सका। संसद का बजट सत्र ३१ जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुआ था। दूसरा चरण ६ अप्रैल तक निर्धारित था। हालांकि, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार विवाद की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। एक ओर संसद के बजट सत्र के दौरान सत्तापक्ष ने राहुल गांधी के लोकतंत्र वाले बयान को बड़ा मुद्दा बनाया। तो वहीं अडानी मामले को लेकर विपक्ष लगातार जेपीसी की मांग पर अड़ा रहा। सत्ता पक्ष का आरोप रहा के विपक्ष सदन को चलने नहीं दे रहा है। तो वहीं विपक्षी नेता साफ तौर पर कहते रहे कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्यसभा का २५६वां सत्र बृहस्पतिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया और सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण १०३ घंटे ३० मिनट का कामकाज बाधित रहा। सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में विभिन्न



मुद्दों पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के हंगामे के कारण लगातार गतिरोध कायम रहने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ''लोगों के मन में एक वर्ग के रूप में हम तिरस्कार और उपहास का विषय हैं।'' उच्च सदन में बजट सत्र के पहले चरण में ५६.३ प्रतिशत कामकाज हुआ जबकि दूसरे चरण में यह महज ६.४ प्रतिशत रहा। इस प्रकार सत्र में संयुक्त रूप से महज २४.४ प्रतिशत कामकाज हुआ। दूसरे चरण के दौरान जम्मू कश्मीर के बजट और वित्त विधेयक २०२३ को हंगामे के बीच बिना चर्चा के लोकसभा को लौटाया गया। लोकसभा की बैठक बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र के दौरान सदन में कुल ४५ घंटे ५५ मिनट कामकाज हुआ। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा हालांकि विपक्ष की अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग और लोकतंत्र को लेकर लंदन में राहुल गांधी द्वारा की गई एक टिप्पणी पर सत्ता पक्ष द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से माफी मांगने पर जोर देने के कारण हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। बिरला ने कहा कि १७वीं लोकसभा के ११वें सत्र की शुरूआज ३१ जनवरी को हुई जिस दिन राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। इस पर १३ घंटे ४४ मिनट तक चर्चा चली और प्रधानमंत्री ने इसका जवाब दिया। सभा ने सर्वसम्मति से अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को पारित किया। उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान सदन में लगभग ४५ घंटे ५५ मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वित्त मंत्री ने एक फरवरी को वर्ष २०२३–२४ का बजट पेश किया। सदन में इस पर १४ घंटे और ४५ मिनट तक चर्चा हुई और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने इसका जवाब दिया।

# बेटे के भाजपा में शामिल होने पर एके एंटनी बोले– यह बहुत ही गलत फैसला

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने आज भाजपा का दामन थाम लिया। अपने बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में शामिल होने पर एके एंटनी ने कहा कि अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले ने मुझे आहत किया है। यह बहुत ही गलत फैसला है। उन्होंने कहा कि भारत का आधार एकता और धार्मिक सद्भाव है। २०१४ के बाद, मोदी सरकार सत्ता में आई, वे व्यवस्थित रूप से विविधता और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर कर रहे हैं। भाजपा केवल एकरूपता में विश्वास करती है, वे देश के संवैधानिक मूल्यों को नष्ट कर रहे हैं। दूसरी ओर अब कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी आई है। कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा है कि आज विश्वासघात का दिन है। कांग्रेस ने कहा कि अनिल एंटनी ने ईस्टर त्योहार से पहले अपने पिता को धोखा दिया है। आपको बता दें कि एके एंटनी कांग्रेस के काफी वरिष्ठ नेता हैं। वह केरल के तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा वह ८ वर्षों तक मनमोहन सिंह की सरकार में देश के रक्षा मंत्री रहे हैं। उन्हें गांधी परिवार का बेहद करीबी माना जाता है।



केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरन ने कहा कि अनिल को पार्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है और उनका भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए चिंता का विषय नहीं है। सुधाकरन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आज (मौंडी गुरुवार) यहूदा (इस्कैरियट) का दिन है जिसने ३० चांदी के सिक्कों के भुगतान के लिए ईसा मसीह को धोखा दिया। उस दिन ऐसी कई चीजें होंगी। इस (अनिल के भाजपा में शामिल होने) को भी एक ऐसी घटना के रूप में देखा जाना चाहिए। अनिल एंटोनी बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। अनिल एंटोनी ने भाजपा में शामिल होने पर कहा कि एक भारतीय युवा होने के नाते मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि मैं प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण में अपना योगदान दूं। उन्होंने कगा कि कांग्रेस के बहुत से नेता मानते हैं कि उनका काम एक खास परिवार के लिए काम करना है, लेकिन मेरा मानना घ्है कि मेरा काम लोगों के लिए काम करना है। अगले २५ वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए पीएम मोदी की स्पष्ट दृष्टि है।

# करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत, चार बच्चे झुलसे

इटावा। जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक ट्रक के बिजली के तारों के संपर्क में आने से करंट लगने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार बच्चे झुलस गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने बताया कि ट्रक पर लाउडस्पीकर लगे थे और यह एक जुलूस के साथ कांशीराम कलोनी से कालीवन देवी मंदिर जा रहा था तभी उसमें रखे लाउडस्पीकर बिजली के तारों के संपर्क में आ गए। कुमार ने बताया कि करंट लगने से राकेश कुमार (३५) की मौत हो गई और चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने बताया कि बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की आयु आठ साल से १३ साल के बीच है।

# आ गयी कोरोना वायरस की चौथी लहर! २४ घंटे में आये ५००० से ज्यादा मामले, एक्टिव केस २५ हजार के पार

नयी दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी लगता है एक बार फिर से लौट रही हैं। पिछले बीते दिनों में लगातर कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक कोविड –१६ मामलों ने पिछले २४ घंटों में ५,३३५ मामलों सामने आये हैं। सक्रिय मामलों की संख्या भी २५,००० के आंकड़े को पार कर गई है। वर्तमान में, २५,५८७ सक्रिय मामले हैं। दैनिक सकारात्मकता दर वर्तमान में ३.३२: है। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के ५,३३५ नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर ४,४७,३६,०५४ हो गई है। पिछले १६५ दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर २५,५८७ पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल २३ सितंबर को संक्रमण के ५,३८३ दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो–दो और केरल तथा पंजाब में एक–एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर ५,३०,६२६ हो गई। वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनरूमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में सात नाम और जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी २५,५८७ लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का ०.६ प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.७५ प्रतिशत है। देश में संक्रमण की दैनिक दर ३.३२ प्रतिशत और साप्ताहिक दर २.८६ प्रतिशत है। अभी तक कुल ४,४१,८२,५३८ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–१६ से मृत्यु दर १.१६ प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१६ रोधी टीकों की २२०.६६ करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त २०२० को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई २०२१ को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल २५ जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

# राहुल और प्रियंका से मिले कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू, ट्वीट कर कही यह बात


नयी दिल्ली। जेल से रिहा होने के बाद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने आज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने ट्वीट कर



दी। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि आज नई दिल्ली में अपने गुरु राहुल जी और मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक प्रियंका जी से मुलाकात हुई। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि आप मुझे जेल में डाल सकते हैं, मुझे डरा सकते हैं, मेरे सभी वित्तीय खातों को ब्लॉक कर सकते हैं लेकिन पंजाब और मेरे नेताओं के लिए मेरी प्रतिबद्धता न तो झुकेगी और न ही एक इंच पीछे हटेगी !! वर्ष १६८८ के रोड रेज मौत के मामले में करीब १० महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को ६५ वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई २०२२ में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। कारागार से बाहर आते ही उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं।

# २०२४ में भाजपा को कोई हरा नहीं सकता : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि २०२४ के आम चुनावों में कोई भी भाजपा को हरा नहीं सकता है, लेकिन पार्टी को चुनाव से परे जाना चाहिए और लोगों का दिल जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए। भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि हमें भाजपा को भविष्य की ओर २१वीं सदी की पार्टी बनाना है। उन्होंने नसीहत दते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते हमें अति–आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना चाहिए। लोग कहते हैं कि २०२४ में भाजपा को कोई हरा नहीं सकता, यह सही है, लेकिन एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, हमें हर नागरिक का दिल जीतना है और चुनाव जीतने से आगे जाना है। मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो बड़े सपने देखती है, जबकि कांग्रेस को छोटे सपने ही दिखाई देते हैं और उनके नेता एक–दूसरे की प्रशंसा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि २०१४ में भारत के लोगों ने भारत के पुनर्जागरण की नई यात्रा का शंखनाद कर दिया है। ८०० साल से ज्यादा की गुलामी से बाहर निकल कर एक



राष्ट्र अपना खोया हुआ गौरव पाने के लिए फिर से उठ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में दशकों से चली आ रही बुराइयां धीरे–धीरे कमजोर पड़ती जा रही हैं। सन् ४७ में अंग्रेज भले ही चले गए लेकिन लोगों को गुलाम रखने की मानसिकता यहीं छोड़ गए। आजादी के बाद देश में ऐसा वर्ग खूब फला–फूला जो सत्ता को अपना जन्मजात हक समझता था। मोदी ने कहा कि जो देश लोकतंत्र की जननी हो...उसकी जनता के नीर–क्षीर–विवेक पर प्रारंभ से हमारी आस्था रही है और दिनों–दिन वो आस्था और मजबूत होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा देश में एक नए पलिटिकल कल्चर का नेतृत्व कर रही है जबकि कांग्रेस और उसके ही जैसे अन्य दलों का कल्चर आप देख सकते हैं। परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद के बंधक हैं ये सभी दल, जबकि भाजपा का पलिटिकल कल्चर प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने का है। कांग्रेस और उसकी जैसी पार्टियों का कल्चर है... छोटा–छोटा सोचना और उस से भी कम हासिल कर के खुशियां मानना। ये एक–दूसरे की पीठ थपथपा कर खुश हैं, जबकि भाजपा का पलिटिकल कल्चर है बड़े सपने देखना और उस से भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी–जान से जुट जाना।

# अनिरुद्ध कुमार समेत तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ। यूपी सरकार ने मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध कुमार समेत तीन आईपीएस अधिकारियों का बृहस्पतिवार को तबादला कर दिया। गौरतलब है कि आईपीएस अधिकारी अनिरुद्ध सिंह का एक वीडियो १३ मार्च को वायरल हुआ था, जिसमें वह वीडियो कल पर किसी से २० लाख रुपये की व्यवस्था करने के लिए कहते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि ३६ सेकंड लंबे इस वीडियो में वाराणसी में तैनात अधिकारी को कथित तौर पर एक व्यवसायी से पैसे मांगते देखा जा सकता है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के आदेश पर वाराणसी के पुलिस आयुक्त द्वारा वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही थी। इस मामले को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एक ट्वीट कर उठाया था। स्थानांतरित किये गए अन्य दो आईपीएस अधिकारी हैं... वाराणसी की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आरती सिंह, जिन्हें अंकिता शर्मा की जगह कानपुर पुलिस आयुक्तालय में स्थानांतरित किया गया है, शर्मा को उसी पद पर वाराणसी भेजा गया है। कथित वीडियो उस समय का बताया जा रहा है जब सिंह वाराणसी जिले में तैनात थे। राज्य सरकार आदेश के अनुसार, २०१८ बैच के आईपीएस अधिकारी अनिरुद्ध कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, के पद पर स्थानांतरित किया गया है। सिंह का यह कथित वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए थे।

# एलडीए के नाम से डॉक्टरों को धमकी, मांगे १०–१० लाख

लखनऊ। निजी अस्पतालों पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की कार्रवाई की धमकी देकर एक व्यक्ति डॉक्टरों से वसूली कर रहा है। इस तरह से कुछ डक्टरों को धमकाकर १०–१० लाख रुपये मांगे तो शिकायत उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से की गई। जिस पर सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को जानकीपुरम स्थित आईकॉन हॉस्पिटल के डॉ. डीके वत्सल, आलमबाग स्थित अजंता अस्पताल के डॉ. अनिल खन्ना, इंदिरा नगर स्थित सीएनएस अस्पताल के डॉ. अशोक निराला, प्राग नारायण रोड स्थित एडवांस्ड सर्जिकल सेंटर के डॉ. रोहित भाटिया, गोमती नगर स्थित प्रकाश नेत्र केंद्र के डॉ. शोभित चावला व डॉ. रजत कुमार उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से मिले। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैंट रोड पुराना किला निवासी एक व्यक्ति उनके अस्पतालों को एलडीए व अन्य विभागों की तरफ से ध्वस्तीकरण व सील कराने की धमकी दे रहा है और कार्रवाई से बचने के लिए १०–१० लाख रुपये मांग रहा है। रुपये न देने पर अलग–अलग नाम से शिकायतें कराने की बात करता है। साथ ही इंटरनेट मीडिया में गलत तरह की पोस्ट कर धूमिल कर रहा है। परिचितों के माध्यम से रुपये मांगता है। इस मामले पर उपाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित व्यक्ति की पूर्व में भी इस तरह की शिकायतें मिली थी। जिसे गंभीरता से लेकर सचिव पवन कुमार गंगवार को जांच दी है। रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# महिला डॉक्टर समेत दो खाते से निकाले 1.05 लाख रुपये

लखनऊ। राजधानी में साइबर अपराधियों ने एक महिला डॉक्टर समेत दो लोगों के खाते से १.०५ लाख रुपये निकाल लिए। ठगी का शिकार होने पर पीड़ितों ने गाजीपुर और गोमतीनगर थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। लक्ष्मण पुरी कॉलोनी फैजाबाद रोड निवासिनी डॉ. स्वीटी श्रीवास्तव ने साइबर अपराधियों के खिलाफ गाजीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। बताया कि १ अप्रैल की शाम उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कल आई। फोनकर्ता ने खुद को सैन्यकर्मी बता ४५ जवानों का साइकोलजिकल टेस्ट एवं परामर्श काउसलिंग करवाने की बात कही थी। उनका भरोसा जीतने के बाद जालसाज ने यूपीआई के जरिए चिकित्सा शुल्क देने का आश्वासन दिया और उनके खाते से ३० हजार रुपये की रकम निकाल ली। वहीं गोमतीनगर थाने में प्रसून कुमार राय ने लिखित शिकायत देते हुए कहा कि साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल कर खाते से ७५ हजार रुपये निकला लिए है।

# व्यापारियों ने धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रताप मार्केट के तत्वाधान में गुरुवार को प्रताप मार्केट, अमीनाबाद स्थित राम मंदिर में व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रताप मार्केट के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने हनुमान जी का भजन कीर्तन एवं गुणगान किया। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कलयुग में हनुमान जी का नाम जपने से सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है। राम जी की पूजा के बाद हनुमान जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी को सीता जी का आशीर्वाद प्राप्त है। वह अजर अमर हैं और आज भी पृथ्वी पर हैं। उन्होंने हनुमान जी का वर्णन करते हुए उपस्थित व्यापारियों एवं जनसमूह को कई दृष्टांत सुनाएं तथा राम जी, लक्ष्मण जी, सीता जी एवं हनुमान जी की मूर्तियों की पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रताप मार्केट के पदाधिकारियों ने डॉ. दिनेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को अंग वस्त्र एवं राम दरबार की प्रतिमा भेंट की।



व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने इस अवसर पर सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रताप मार्केट एवं राजधानी के अन्य बाजारों के व्यापारियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रताप मार्केट अध्यक्ष बलबीर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अनिल गुलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री ओपी सिंह नारंग, उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, संरक्षक जेपी गुप्ता भी मौजूद रहे और हनुमान जी की पूजा अर्चना की।

# केजीएमयू में नहीं होगा अवकाश

लखनऊ। कल यानी शुक्रवार को गुड फ्राइडे है। जिसके चलते राजधानी के तीन बड़े चिकित्सा संस्थानों में से एसजीपीजीआई और ड. राम मनोहर लोहिया संस्थान में ओपीडी सेवायें बंद रहेंगी। जबकि केजीएमयू यानी की किंग जर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में व्व सेवाएं निर्बाध रूप से चलेंगी। इतना ही नहीं इस दिन केजीएमयू में चिकित्सक सर्जरी भी करेंगे। दरअसल, गुड फ्राइडे पर राजपत्रित अवकाश के चलते संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में सात अप्रैल को अवकाश रहेगा। इसी तरह लोहिया संस्थान में भी अवकाश बताया जा रहा है। इन दोनों संस्थानों में ओपीडी सेवायें बंद रहेंगी। जबकि इमरजेंसी सेवायें पूर्ण रूप से संचालित रहेंगी। वहीं केजीएमयू में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। केजीएमयू में अवकाश नहीं रहेगा। केजीएमयू में ओपीडी समेत अन्य सेवायें पहले की तरह संचालित होगी। वहीं राजधानी बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु और बीआरडी समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में दोपहर १२ बजे तक ओपीडी सेवायें चलती रहेंगी।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचला

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के ईकोटेक– प्रथम थाना क्षेत्र के अंतर्गतभाटी गोल चक्कर के पास मंगलवार को एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को एक तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार की शाम दनकौर थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी विनोद कुमार, समीर भाटी और सूरज कुमार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी भाटी गोल चक्कर के पास तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में विनोद कुमार तथा समीर भाटी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सूरज को गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमर्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रवक्ता के मुताबिक फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

# राहुल गांधी की प्रधानमंत्री पर बेबुनियाद आरोप लगाने की हो चुकी है आदत : निर्मला सीतारमण

नयी दिल्ली। अडानी मामले को लेकर देश के राजनीतिक जबरदस्त तरीके से गर्म है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण अडानी मामले पर जेपीसी की मांग को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस की लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा रही है। राहुल गांधी साफ तौर पर कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अपने मित्र गौतम अडानी को फायदा पहुंचाया है। इसी कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है। राहुल गांधी के आरोपों को निर्मला सीतारमण ने पूरी तरीके से बेबुनियाद बताया है और साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस नेता ऐसे आरोप लगाने के आदी हो चुके हैं। वित्र मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने २०१९ के चुनावों से पहले ऐसा किया था। वह इसे फिर से कर रहा है। वह इन सभी झूठे आरोपों से कोई सबक नहीं सीखते हैं जो वह प्रधानमंत्री के खिलाफ लगाना चाहते हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगर राहुल गांधी वास्तव में सोचते हैं कि अडाणी को ये सब चीजें (अनुचित लाभ) दी गई हैं, तो यह सच नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं यह भी कहना चाहती हूं कि उन्हें प्रधानमंत्री के खिलाफ बेबुनियाद



आरोप लगाने की आदत हो चुकी है। सीतारमण ने कहा कि यह केरल की कांग्रेस सरकार थी, जिसने अडानी को विझिंजम पोर्ट थाली में परोस कर दिया था। यह किसी टेंडर के आधार पर नहीं दिया गया था। अब वह (कांग्रेस) सरकार नहीं है, बल्कि माकपा नीत सरकार है। लेकिन उन्हें यह पूछने और मांग करने से किसने रोका कि केरल उस आदेश को रद्द कर दे?' सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राजस्थान में अडाणी को "समूची सौर ऊर्जा परियोजना" दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि २०१६ में राफेल के आरोपों में जब राहुल गांधी ने बयान दिए तब उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में माफी मांगनी पड़ी। उससे पहले ै के खिलाफ जब गलत बयान देने पर लिखित माफीनामा देना पड़ा। आज आप (राहुल गांधी) बोलते हैं मैं गांधी हूं सावरकर नहीं। क्या उन्हें याद है कि उन्होंने माफी मांगी थी? उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वे ऐसे मुद्दे उठाते हैं कि सभी को पास ले आए। ममता बनर्जी खुद अडानी का स्वागत करती हैं। आप हमसे सवाल करें हमें परवाह नहीं है। हमारे पास कुछ छुपाने के लिए नहीं है। राहुल गांधी से पूछा गया था कि भाजपा कह रही है कि आप न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं? इसी पर उन्होंने पलटवार किया है। उन्होंने साफ तौर पर पूछा कि अडानी की सेल कंपनी में २०,००० करोड़ रुपए किसके हैं? इसका जवाब देना चाहिए कि यह पैसे किसके हैं।

# कानपुर में पूछताछ के लिए चौकी बुलाए गए युवक ने खुद को किया घायल।

कानपुर। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में प्लाट पर कब्जे के मामले में पूछताछ के लिए चौकी बुलाए गए युवक ने शीशे में हाथ मार कर खुद को घायल कर लिया। यह देख पुलिस के होश उड़ गए। आनन–फानन में पुलिस उसे पास ही स्थित नर्सिंग होम ले गई, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया। हनुमंत विहार थानाप्रभारी अभिलाष मिश्रा के मुताबिक साढ़ निवासी अजब सिंह ने थाने में शिकायत की थी कि हुनमंत विहार चौकी के पास उनका एक प्लाट है, जिसमें कुछ अराजकतत्वों ने कब्जा कर ताला डाल दिया है। कब्जे की जानकारी पर अजब सिंह ने विरोध किया तो अराजकतत्वों ने उनके साथ मारपीट की। मामले की जांच हनुमंत विहार चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार झा को दी गई थी। बुधवार को चौकी प्रभारी ने पूछताछ के लिए खाड़ेपुर निवासी स्वप्निल को चौकी बुलाया। इसके कुछ देर बाद चौकी प्रभारी ने स्वप्निल के पिता अशोक कुमार को भी चौकी बुलाया। चौकी में बैठा देख अशोक बेटे को बुरा भला कहने लगे, जिससे आक्रोशित होकर स्वप्निल ने पिता को मारने का प्रयास किया। यह देखा पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ कर बैठा दिया। आक्रोशित स्वप्निल ने चौकी में लगे शीशे में हाथ मार



कर खुद को घायल कर लिया। पुलिस ने घायल को नौबस्ता बाईपास स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान घायल ने चौकी प्रभारी व सिपाही सुखबीर पर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट करने पर वह घायल हुआ। एसीपी नौबस्ता अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि घायल द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रो स्टेशन के पास शार्ट सर्किट से डंपर में लगी आग

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र के जीटी रोड में बुधवार को नगर निगम के डंपर में आग लग गई। इस पर चालक व परिचालक ने डंपर में भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, आग लगने से डंपर जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। शार्ट सर्किट से डंपर में आग लगने की बात सामने आई। कानपुर विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के नीचे पलिटेक्निक चौराहा की ओर से आ रहे नगर निगम के डंपर में इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने गाड़ी रोक दी। चालक व परिचालक जैसे ही गाड़ी से उतरे वैसे ही डंपर धू–धू कर जलने लगा। इस पर दोनों मौके से भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। डंपर में आग लगने से करीब डेढ़ घंटे यातायात बाधित रहा। कल्याणपुर थानाप्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को भी जानकारी दे दी गई। चालक व परिचालक से पूछताछ के बाद ही आग की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# दबंगों से परेशान परिवार पलायन करने को मजबूर

बरेली। गांव में बने मकान को मस्जिद के रूप में इस्तेमाल करने के लिए दबंगों ने एक परिवार को धमकाया और मारपीट की है। दबंग लोग उन पर पलायन का दबाव बना रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित शख्स व उसकी पत्नी ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। भोजीपुरा के भूड़ा गांव निवासी सुगना पत्नी कल्लू खां ने बताया कि गांव में मकान को मस्जिद के रूप में प्रयोग करने व अवैध तरीके से उपयोग में लाने के संबंध में उनके पति के द्वारा थाने में शिकायत की गई थी। जिससे गुस्सा होकर कई लोगों के द्वारा उनके घर में घुसकर अभद्र व्यवहार व मारपीट की गई । इस मामले में थाना भोजीपुरा में २८ मार्च को मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद से वह लोग आए दिन अन्य अन्य लोगों से कहते हैं कि यह लोग घर छोड़कर भाग जाएं वरना जान से पूरे परिवार सहित मार डालेंगें। डर के कारण वह अपने घर नहीं गई है और दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। आरोपियों के हौसले इतने ज्यादा बुलंद है कि पुलिस के सामने ही जान से मारने की बात कही गई और पुलिस तमाशबीन बनी रही। साथ ही पीड़ित को आरोपियों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाए जाने का डर भी है। इस मामले में आज पीड़ित दंपति ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# आईजी और एसएसपी ने परिक्रमा पड़ाव स्थल का लिया जायजा

गोसाईगंज/ अयोध्या। पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज



जी ने बुधवार देर शाम चौरासी कोसी परिक्रमा के मद्देनजर श्रद्धालुओं के पड़ाव स्थलों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने महबूबगंज स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पहुंच कर सरयू नदी के किनारे पर बने स्नान घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रृंगी ऋषि आश्रम स्थल पर साफ सफाई कराने के साथ साथ श्रद्धालुओं के रुकने के इंतजाम चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए। ८४ कोसी परिक्रमार्थी साधु संतों का जत्था ६ अप्रैल को श्रृंगीऋषि व १० अप्रैल को गोसाईंगंज महदेवा घाट पर पहुंचकर विश्राम करेगा। इसी को लेकर तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। अफसरों ने निर्धारित तिथि दिवसों पर क्षेत्र में मीट शाप आदि बंद कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर, एसएचओ अक्षय कुमार, एसएचओ अहिरौली अंबेडकरनगर रितेश पांडेय सहित महादेवा घाट जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र को ट्रक ने मारी टक्कर

बरेली। कोचिंग जा रहे छात्र को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरेली के थाना शाही के गांव दुनका निवासी सुखलाल का १० वर्षीय पुत्र रमन कुमार गुरुबार की शाम को कोंचिग पढ़ने जा रहा था। इस दौरान दुनका चौराह के पास तेज गती से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद रमन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। परिजनों को जब इसका पता चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क पर मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हैदरगंज/ अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र में देर रात एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है। बाजारवासियों के मुताबिक बुधवार की रात ६रू४५ बजे के करीब तारुन – लालगंज मार्ग पर कस्बा स्थित खादी ग्रामोद्योग आश्रम के समीप ५० वर्षीय एक अधेड़ सड़क के किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने बताया मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मौत के कारणों का सही पता नहीं चल सका है। मौके से मिली मोटरसाइकिल पर बस्ती जिले का नंबर मौजूद है। जिसके सहारे पुलिस शिनाख्त की कार्रवाई में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में चयन आयोग करेगी शिक्षकों की भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों तथा मदरसों के शिक्षकों के चयन के लिए एक नया एकीकृत आयोग गठित करने के आदेश दिए हैं। इसके गठन के बाद राज्य के सभी प्राथमिक माध्यमिक उच्च और प्राविधिक महाविद्यालयों के साथ–साथ मदरसों और अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में इसी आयोग के जरिए शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। यही आयोग ही शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का आयोजन भी कराएगा। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जल्द ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की आज समीक्षा करते हुए इस एकीकृत आयोग के गठन के सिलसिले में आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष और सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव पेश करने को कहा है। प्रवक्ता ने बताया कि यह आयोग ही राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और संबद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती करेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)



का आयोजन भी नया एकीकृत आयोग ही कराएगा। प्रवक्ता ने बताया कि बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के चयन के लिए अलग–अलग प्राधिकारी, बोर्ड तथा आयोग गठित हैं। उनका कहना था कि परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है। उनके मुताबिक साथ ही साथ उच्चध्माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक संस्थाओं के लिए प्रबंध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नेंस/बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक सुधारों के क्रम में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन करना ठीक होगा। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा और साक्षात्कार के जरिए चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए सिफारिश को नियुक्ति प्राधिकारी के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नए एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति स्तर के या भारतीय प्रशासनिक सेवा का लंबा अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाए तथा वरिष्ठ न्यायाधीशों और अनुभवी शिक्षाविदों को उसमें सदस्य के तौर पर जगह दी जाए। उनके अनुसार साथ ही साथ आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातिध्जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो।

## ७ अप्रैल को पता चलेगा 'कहां है पुष्पा'?


मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आने वाली फिल्म पुष्पा द रूल का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। पुष्पा द रूल के मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक आउट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है,




जिसके साथ लिखा है कहां है पुष्पा आपका इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। आपको अपने सभी सवालों का जवाब ७ अप्रैल ४रू०५ पर मिल जाएगा, क्योंकि तब आपको यह पता चलेगा कि आपका पुष्पा तिरुपति जेल से फरार होकर आखिर कहां गायब है। मेकर्स ने इस बार पुष्पा की ६ ामक जमाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। वीडियो में खून खराबा प्रोटेस्ट सभी कुछ नजर आ रहा है। जिसके साथ केवल एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर कहां है पुष्पा। पुष्पा के अफिशियल ट्विटर अकाउंट पर यह वीडियो एक कैप्शन के साथ शेयर किया गया है जिसके साथ लिखा है द हंट फॉर पुष्पा। फिल्म 'पुष्पा : द रूल' का प्रोमो वीडियो जारी करने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स अल्लू अर्जुन को चिढ़ा रहे हैं। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि पुष्पा तिरूपति जेल से निकलकर कहीं भाग चुका है। इसके बाद से ही यूजर्स लगातार वीडियो पर 'पुष्पा कहां है ?' कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा– ऐसे ट्विस्ट की मुझे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। एक यूजर ने लिखा– मैं पिछले एक साल से इस फिल्म का इंतजार कर रहा हूं। सिर्फ मुझे ही नहीं पूरे देश को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

## अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में वाराणसी पुलिस ने आरोपी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी




किया है। सारनाथ थानाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। उनके विदेश भागने की आशंका के मद्देनजर सभी हवाई अड्डों के प्रशासन को उनके बारे में विस्तृत विवरण भेज दिया गया है ताकि वे देश छोड़ कर न भाग सकें। गौरतलब है कि भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे गत २६ मार्च को वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं। उनके गले में फांसी का फंदा लगा पाया गया था। इस मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आकांक्षा भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर की निवासी थीं। इस बीच, आकांक्षा दुबे के परिवार की तरफ से मुकदमा लड़ रहे अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने आकांक्षा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर वाराणसी पुलिस से सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दावा किया है कि मरने से पहले आकांक्षा ने शराब पी थी लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका कहीं भी जिक्र नहीं है। उसके पेट में कोई भूरा केमिकल पाया गया है। त्रिपाठी ने कहा कि रिपोर्ट में आकांक्षा की कलाई पर भी चोट के निशान होने की बात कही गई है जबकि पुलिस ने शव पर ऐसी किसी भी चोट का जिक्र नहीं किया था।

## टाइगर वर्सेज पठान में एक साथ नजर आएगी शाहरुख और सलमान की जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट जोड़ी आने वाली फिल्म टाइगर वर्सेज पठान में नजर आएगी। बलीवुड फिल्मकार आदित्य चोपड़ा श्टाइगर वर्सेज पठानश बनाने जा रहे हैं। 'टाइगर वर्सेज पठान' में शाहरुख खान और सलमान खान पठान और टाइगर के जासूस के रूप में अपनी भूमिकाओं में फिर से दिखेंगे। फिल्म में कथित तौर पर दो एजेंटों के बीच आमना–सामना होगा। जबकि इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद निर्देशित करेंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, शबिग डेवलपमेंट. .. सलमान खान– शाहरुख खान स्टारर को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट करेंगे... रुसलमान खान और रुशाहरुख खान स्टारर टाइगर वर्सेज पठान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित होगी... जनवरी २०२४ में इसकी शूटिंग शुरू होगी... रुआदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित यह निर्मित की जाएगी।

## बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार आमिर खान

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा पिछले साल रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। इसके बाद से खबरें आने लगी कि आमिर ने बॉलीवुड से ब्रेक ले लिया है। बताया जा रहा है कि आमिर जल्द ही किसी एक्शन फिल्म में काम करने नजर आ सकते हैं। आमिर खान ने 'धूम ३' 'गजनी', 'सरफरोश' और श्गुलामश जैसी एक्शन पर आधारित फिल्मों में काम किया है। बताया जा रहा है कि आमिर कई एक्शन फिल्मों की स्क्रिप्ट पर भी नजर बनाए



हुए हैं। इसके लिए उन्होंने यश राज फिल्म्स से भी बात की है। यदि सबकुछ सही रहा तो आमिर बहुत जल्द एक्शन फिल्म में नजर आयेंगे।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक